CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 95 ▫ रायपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## पीएम आवास पर हुई सीसीएस की बैठक



### पहलगाम हमले के बाद कड़ी कार्रवाई के संकेत

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (न्यूज चैनल)। पहलगाम हमले के बाद पीएम आवास पर सीसीएस की बैठक की शुरु हो चुकी है। इस बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और वित्त मंत्री शामिल हैं। बताया जा रहा है कि सीसीएस की बैठक के बाद सीसीपीए और सीसीईए की मीटिंग भी होगी।

मीटिंग में भारत सरकार इस हमले का जवाब देने के लिए रणनीति बना रही है। सूत्रों के मुताबिक सरकार की एक अहम बैठक जल्द होने वाली है, जिसमें कुछ बड़े और कड़े फैसले लिए जा सकते हैं। इस बैठक में सुरक्षा एजेंसियों और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी रहेगी। सरकार साफ कर चुकी है कि आतंकियों और उन्हें पनाह देने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। ऐसे में संभावना है कि बैठक में सीमा पार कार्रवाई, कूटनीतिक दबाव और आंतरिक सुरक्षा को लेकर कुछ सख्त कदम उठाए जाएं।

## मिल गया आतंकी हाफिज सईद का ठिकाना सैटेलाइट तस्वीरों के जरिए दिखा घर



**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (न्यूज चैनल)। लश्कर-ए-तैयबा का सरगना और 26/11 मुंबई हमलों का मास्टरमाइंड हाफिज सईद इन दिनों लाहौर के जोरम टाउन इलाके में पाकिस्तान सरकार की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रह रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उसकी सुरक्षा तीन स्तरों में की जा रही है, और उसकी निजी सुरक्षा टीम 24 घंटे तैनात रहती है। मीडिया में सामने आई तस्वीरों और वीडियो से खुलासा हुआ है कि हाफिज सईद एक सुरक्षित इमारत में अपने परिवार के साथ रह रहा है। इस इमारत के ठीक सामने एक निजी पार्क भी स्थित है, जिसे केवल सईद और उसके लोग ही इस्तेमाल करते हैं। खुफिया जानकारी के अनुसार, इसी परिसर की बिल्डिंग नंबर दो में एक मंदिर और मदरसा है, जिसके नीचे एक बंकर बनाया गया है। यही बंकर हाफिज सईद की सुरक्षा टीम का ठिकाना है और यहीं से वह अपने ऑपरेशंस को अंजाम देता है।

## दशमेश बिल्डर्स के दफ्तर पहुंची ईओडब्ल्यू की टीम, दस्तावेजों की जांच जारी

### आरोपी और तहसीलदार की पत्नी है पार्टनरशिप में

**रायपुर,** 30 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना में 220 करोड़ का मुआवजा घोटाला मामले को लेकर ईओडब्ल्यू ने एक और बिल्डर के ऑफिस में दबिश दी है. ईओडब्ल्यूआज तेलीबांधा स्थित दशमेश बिल्डर्स के ऑफिस पहुंचकर दस्तावेजों की छानबीन कर रही है. दशमेश इन्स्टावेंचर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कई पार्टनर्स में भावना कुर्रे और हरमीत सिंह खनूजा (गिरफ्तार आरोपी) भी शामिल हैं. भावना कुर्रे अभनपुर के तत्कालीन तहसीलदार शशिकांत कुर्रे की पत्नी हैं. ईओडब्ल्यू ने 25 अप्रैल को छापेमारी के दौरान दशमेश बिल्डर्स के दफ्तर को सील कर दिया था, जहां आज दस्तावेजों की जांच जारी है.

बता दें, एसीबी-ईओडब्ल्यू ने 25 अप्रैल को प्रदेश के दुर्ग, रायपुर जिले में करीब 18 से 20 ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की थी. इस दरौन रायपुर के दशमेश इन्स्टावेंचर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के दफ्तर में भी दबिश दी गई थी. लेकिन दफ्तर बंद होने की वजह से एसीबी-ईओडब्ल्यू ने दफ्तर को सील कर दिया था. इसके बाद आज ईओडब्ल्यू की टीम यहां फिर पहुंची है. फिलहाल जांच कर कागजात खंगाल रही है.

### करेंगुट्टा पहाड़ पर तेज हुआ एंटी नक्सल ऑपरेशन

## हेलीकॉप्टर की सहायता से उतरे 500 जवानों ने किया पहाड़ी पर कब्जा

**जगदलपुर,** 30 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर स्थित करेंगुट्टा पहाड़ पर एंटी नक्सल ऑपरेशन का आज 9वां दिन है। बीते मंगलवार को फोर्स ने पहाड़ पर कब्जा कर लिया है। यहां हेलीकॉप्टर की सहायता से 500 जवानों को उतारा गया, जिसका वीडियो भी सामने आया है। पहले इस ऑपरेशन में सिर्फ छत्तीसगढ़ पुलिस, तेलंगाना पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स शामिल थी। वहीं अब बिहार और झारखंड के सेंट्रल सुरक्षाबल के जवानों की भी करेंगुट्टा पहुंचने की जानकारी सामने आई है।

बता दें कि नक्सलियों के लिए सुरक्षित माने जाने वाला करेंगुट्टा पहाड़ का पूरा इलाका बीहड़ है। यहां का तापमान अभी 40 से 45 डिग्री के बीच है। ऑपरेशन के दौरान तेज गर्मी से कई जवान डिहाइड्रेशन के शिकार हुए तो दो जवान नक्सलियों के लगाए आईईडी से घायल भी हुए है। वहीं, जवानों ने तीन महिला नक्सलियों को ढेर किया है। कुल मिलाकर, लगभग 10 से 12 हजार जवान इस ऑपरेशन में हिस्सा ले रहे हैं, जो नक्सलियों को घेरने और उनके बंकरों को ध्वस्त करने में जुटे हैं।

## राष्ट्रपति ने 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में बीआर गवई के नाम को मंजूरी दी, 14 मई को शपथ



**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (न्यूज चैनल)। न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई को मंगलवार को भारत का 52वाँ मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। वे वर्तमान सीजेआई संजीव खन्ना की जगह 14 मई को शपथ लेंगे। न्यायमूर्ति गवई 14 मई को 52वें सीजेआई के रूप में शपथ लेंगे। राष्टपति द्रौपदी मुर्मू बीआर गवई को पद की शपथ दिलाएँगी। वे 14 मई, 2025 को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना का स्थान लेंगे, जो 13 मई, 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। न्यायमूर्ति के.जी. बालकृष्णन के बाद, जो 2010 में सेवानिवृत्त हुए थे, न्यायमूर्ति गवई अनुसूचित जाति समुदाय से भारत के दूसरे मुख्य न्यायाधीश बनेंगे। 24 नवंबर, 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में जन्मे न्यायमूर्ति गवई ने 16 मार्च, 1985 को बार में शामिल होने के बाद अपना कानूनी करियर शुरू किया। उन्होंने 1987 से बॉम्बे हाई कोर्ट में प्रैक्टिस की, जहाँ उन्होंने मुख्य रूप से संवैधानिक और प्रशासनिक कानून के मामलों को संभाला। 2003 में, उन्हें बॉम्बे उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया और नवंबर 2005 में उन्हें स्थायी न्यायाधीश बनाया गया। उन्हें 24 मई, 2019 को सर्वोच्च न्यायालय में नियुक्त किया गया था और 23 नवंबर, 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

## पिकअप और कार में जोरदार भिड़ंत, एक की मौत, 9 घायल



**गरियाबंद,** 30 अप्रैल (हाईवे चैनल)। जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जहां पिकअप और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई. इस हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 9 अन्य लोग घायल हुए हैं. घायलों में तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया है.

जानकारी के अनुसार, यह भीषण हादसा टोनही नाला के पास मंगलवार को हुआ. पिकअप वाहन में 10 से 12 लोग सवार थे, जो छुरा से भिरालाट बारात जा रहे थे. वहीं कार में चार लोग बीजापुर से रायगढ़ की ओर यात्रा कर रहे थे. टोनही नाला के पास दोनों वाहनों की तेज रफ्तार के कारण आमने-सामने भिड़ंत हो गई. हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया. मृतक की पहचान की जा रही है. फिलहाल, पुलिस मामला दर्ज कर पूरे ममले की जांच कर रही है।




CMYK